# कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, वाराणसी

## विज्ञप्ति

शासनादेश संख्या–1/570148/2024 File No-68-5099/23/2024-5 () दिनांक 28.05.2024 एवं तत्क्रम में राज्य परियोजना कार्यालय उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांकः के0जी0बी0वी0/1837/2024–25 दिनांक 30–05–2024 तथा शासनादेश संख्याः –1/775757/2024 File No-68-5099/23/2024-अनुभाग–5 दिनांक 21.10.2024 एवं तत्क्रम में राज्य परियोजना कार्यालय उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांकः के0जी0बी0वी0/7114/2024–25 दिनांक 28–10–2024 के द्वारा जनपद में उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (कक्षा 9 से 12) एकेडमिक ब्लाक सहित हास्टल एवं केवल हास्टल विद्यालयों हेतु रिक्त पदों पर कार्मिकों के चयन/पदस्थापन के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये हैं। जनपद वाराणसी में उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों हेतु शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर स्टाफ के चयन हेतु जिलाधिकारी महोदय के अनुमोदन के क्रम में नियत मानदेय पर कार्य करने के इच्छुक महिला अभ्यर्थियों से निम्न विवरणानुसार आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं, जो केवल पंजीकृत डाक से कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, वाराणसी में दिनांक 18–06–2026 सायं 05:00 बजे तक प्राप्त किये जायेगें। अन्तिम तिथि के पश्चात् अथवा साधारण डाक से प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। रिक्त पदों का विवरण एवं योग्यता निम्नवत् है–

| क्र. सं. | पद | विषय | पदो की सं. | आरक्षण क्षेणी | | | | | शैक्षिक अर्हता | वरीयमान अर्हता | मासिक मानदेय रू0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | GEN. | EWS | OBC | SC | ST | | | |
| 1 | प्रधानाचार्य | | 2 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | प्रशिक्षित एम0ए0 (हिन्दी/अंग्रेजी) अथवा एम०एस०सी० (भौतिक विज्ञान/रसायन विज्ञान /जन्तु विज्ञान/वनस्पति विज्ञान /गणित/ कम्प्यूटर साइंस) किसी विश्वविद्यालय या संस्था या ऐसे विश्वविद्यालय या संस्था से सम्बद्ध किसी मान्यता प्राप्त संस्था की या अन्य राज्यों की परिषदों से सम्बद्ध किसी संस्था की या इसी प्रकार की संस्थाओ की, जिसकी परीक्षाएं परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त हैं कक्षा 9 से 12 तक में कम से कम चार वर्ष का शिक्षण अनुभव हो या विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त किसी जूनियर हाईस्कूल के प्रशिक्षण स्नातक प्रधानाध्यापक के रूप में कम से कम चार वर्ष का अनुभव हो, प्रतिबन्ध यह भी है कि वह 30 वर्ष से कम आयु की न हो। (2) किसी मान्यता प्राप्त संस्था में इण्टरमीडिएट कक्षाओं में दस वर्ष का शिक्षण अनुभव के साथ–साथ प्रथम या द्वितीय श्रेणी की स्नातकोत्तर उपाधि या पन्द्रह वर्ष के शिक्षण अनुभव के साथ तृतीय श्रेणी की स्नातकोत्तर उपाधि या(3)विज्ञान में प्रशिक्षित स्नातकोत्तर डिप्लोमाधारी प्रतिबन्ध यह है कि उसने यह डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रथम या द्वितीय श्रेणी उत्तीर्ण किया हो और किसी मान्यता प्राप्त संस्था में ऐसा डिप्लोमा पाठ्यक्रम उत्तीर्ण करने के पश्चात क्रमशः 15 या 20 वर्ष की प्रशंसनीय सेवा की हो। | – | 30000 |
| 2 | पी.जी.टी. | हिन्दी | 2 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | हिन्दी में एम०ए० तथा सस्कृत के साथ बी०ए० अथवा शास्त्री परीक्षा राजकीय संस्कृत कालेज, वाराणसी | प्रशिक्षित | 22000 |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | अब सम्पूर्णानन्द विश्वविद्यालय वाराणसी। | | |
| 3 | पी.जी.टी. | अंग्रेजी | 2 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | नियमानुसार स्थापित उत्तर प्रदेशीय अथवा किसी अन्य मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी विषय में स्नातकोत्तर उपाधि (पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री) किसी ट्रेनिंग कालेज से एल०टी० डिप्लोमा या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एजुकेशन में डिग्री या डिप्लोमा रखने वाले को प्राथमिकता दी जायेगी। | प्रशिक्षित | 22000 |
| 4 | पी.जी.टी. | गणित | 2 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | एम०ए० अथवा एम०एस०सी० गणित अथवा 2–गणित में त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम सहित बी०ए० (आनर्स) अथवा बी०एस०सी० (आनर्स) | प्रशिक्षित | 22000 |
| 5 | पी.जी.टी. | जीव विज्ञान | 2 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | वनस्पति विज्ञान अथवा जन्तु विज्ञान में एम०एस०सी० अथवा 2–कृषि विषयक बनस्पति विज्ञान के साथ एम०एस०सी०, बी0एस0सी0 में जन्तु विज्ञान अथवा 3– कृषि विषयक जन्तु विज्ञान के साथ एम०एस०सी०, बी०एस०सी० में वनस्पति विज्ञान अथवा 4– यू०जी०सी० द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / डिग्री कालेज से एम०एस०सी० (लाइफ साइंस) अथवा 5– किसी विश्वविद्यालय या डिग्री कालेज में शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित जीव विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के साथ बी०एस०सी० | प्रशिक्षित | 22000 |
| 6 | पी.जी.टी. | रसायन विज्ञान | 2 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | रसायन विज्ञान में एम०एससी० अथवा 2–रसायन विज्ञान में त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम के साथ बी०एस०सी० (आनर्स) अथवा 3–यू०जी०सी० द्वारा मान्यता प्राप्त किसी विश्वविद्यालय/डिग्री कालेज से स्नातकोत्तर(बायोकेमिस्ट्री) अथवा 4–किसी विश्वविद्यालय या डिग्री कालेज से शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित रसायन विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के साथ बी०एस०सी० | प्रशिक्षित | 22000 |
| 7 | पी.जी.टी. | भौतिक विज्ञान | 2 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1.एम०एस०सी० (भौतिक शास्त्र) अथवा 2–किसी विश्वविद्यालय या डिग्री कालेज में शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित भौतिक विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के साथ बी०एस०सी० | प्रशिक्षित | 22000 |

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | पी.जी.टी. | कम्प्यूटर विज्ञान | 2 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1–एमटेक (कम्प्यूटर विज्ञान) अथवा 2–बी०ई० / बी०टेक (कम्प्यूटर विज्ञान) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय, से अथवा 3–एम०सी०ए० अथवा एम०एस०सी० (कम्प्यूटर विज्ञान) किसी भान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अथवा ''बी'' लेविल आफ डी०ओ०ई०ए०सी०सी० (डिपार्टमेन्ट आफ इलेक्ट्रानिक्स एण्ड एक्रीडियेशन आफ कम्प्यूटर कोर्स) अथवा 4–स्नातकोत्तर डिग्री के साथ पी०जी० डिप्लोमा इन कम्प्यूटर ऐप्लीकेशन विज्ञान किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अथवा 5–स्नातकोत्तर डिग्री के साथ बी०एस०सी० (कम्प्यूटर कोर्स कम्पोनेन्ट कनसेसटिंग ऑफ एट लिस्ट 1/3 ऑफ साइंस कोर्स किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से) अथवा स्नातकोत्तर डिग्री के साथ ए–लेविल ऑफ डी०ओ०ई०ए०सी०सी० (डिपार्टमेन्ट आफ इलेक्ट्रानिक्स एण्ड एक्रीडियेशन आफ कम्प्यूटर कोर्स) | प्रशिक्षित | 22000 |
| 9 | लैब असिस्टेंट | – | 6 | 3 | 0 | 1 | 2 | 0 | हाईस्कूल विज्ञान वर्ग के साथ एवं लैबोरेटरी तकनीक में डिप्लोमा अथवा मान्यता प्राप्त बोर्ड से इण्टरमीडिएट–विज्ञान वर्ग के साथ। | – | 7147 |
| 10 | कार्यालय अधीक्षक / लिपिक | – | 2 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1–माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उ०प्र० द्वारा आयोजित इण्टरमीडिएट परीक्षा अथवा उसके समकक्ष कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण हो।<br>2– माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उ०प्र० के साथ–साथ केन्द्र अथवा किसी राज्य द्वारा स्थापित किसी संस्था / शिक्षा बोर्ड / परिषद् द्वारा संचालित हाईस्कूल अथवा इण्टरमीडिएट परीक्षा में पृथक विषय के रूप में कम्प्यूटर साइंस विषय को लिया गया हो। अथवा कम्प्यूटर संचालन डोएक / NIELIT द्वारा प्रदत्त CCC प्रमाण पत्र अथवा सरकार द्वारा मान्यता संस्था से समकक्ष स्तर का प्रमाण पत्र अथवा कम्प्यूटर साइन्स में डिप्लोमा / डिग्री।<br>3–कम्प्यूटर पर हिन्दी टंकण गति न्यूनतम 25 शब्दप्रति मिनट एवं कम्प्यूटर पर अंग्रेजी टंकण गति न्यूनतम 30 शब्द प्रति मिनट। | – | 12430 |
| 11 | केंयर टेकर | – | 2 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | –यू०जी०सी० द्वारा मान्यता प्राप्त किसी विश्वविद्यालय / डिग्री कालेज से किसी भी विषय में स्नातकोत्तर उपाधि। 2–शिक्षा में स्नातक (बी०एड०) । (पद पूर्णकालिक होगा। विद्यालय में रात्रि निवास अनिवार्य होगा। अभ्यर्थी शारीरिक अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रस्त नही होना चाहिये। | – | 24200 |

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 12 | चपरासी | – | 3 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | कक्षा–8 उत्तीर्ण। (पद पूर्णकालिक होगा। विद्यालय में रात्रि निवास अनिवार्य होगा। अभ्यर्थी शारीरिक अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रस्त नही होना चाहिये। | – | 7505 |
| 13 | चौकीदार | – | 4 | 2 | 0 | 1 | 1 | 0 | कक्षा–8 उत्तीर्ण। (पद पूर्णकालिक होगा। विद्यालय में रात्रि निवास अनिवार्य होगा। अभ्यर्थी शारीरिक अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रस्त नही होना चाहिये। | – | 7505 |
| 14 | रसोईया | – | 8 | 3 | 1 | 2 | 2 | 0 | कक्षा–8 उत्तीर्ण। (पद पूर्णकालिक होगा। विद्यालय में रात्रि निवास अनिवार्य होगा। अभ्यर्थी शारीरिक अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रस्त नही होना चाहिये। | – | 6755 |

नोट–प्रधानाचार्य जिस विषय की अर्हता रखती होगी उस विषय की पृथक से शिक्षिका की नियुक्ति नही की जायेगी तथा सम्बन्धित विषय का शिक्षण कार्य प्रधानाचार्या द्वारा ही किया जायेगा।

नियम व शर्ते–

1– प्रधानाचार्या के लिये न्यूनतम आयु 01.04.2026 को 30 वर्ष तथा अधिकतम आयु 45 वर्ष होगी और कक्षा 9 से 12 तक में कम से कम 04 वर्ष का शिक्षण अनुभव हो।

2– पी0जी0टी0 शिक्षिका, कम्प्यूटर शिक्षिका, केयर टेकर, कार्यालय अधीक्षक, लैब असिस्टेंट, चपरासी, चौकीदार तथा रसोईया के पद हेतु आयु 01 अप्रैल, 2026 को न्यूनतम आयु 25 वर्ष एवं अधिकतम 45 वर्ष होगी।

3– कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में सेवा हेतु अधिकतम आयु 60 वर्ष होगी।

4– आरक्षण राज्य सरकार के निर्धारित प्राविधानों के अनुसार देय होगा।

5– किसी सेवा से बर्खास्त, नैतिक/चारित्रिक अधमता के अपराध के लिये दोष सिद्ध एवं दिवालिया व्यक्ति चयन के लिये अर्ह नही होंगे।

6– अभ्यर्थी के चयन के लिये भारांक के अंको का निर्धारण निम्न प्रकार से किया जायेगा–

| क्र.सं. | परीक्षा/उपाधि का नाम | गुणवत्ता अंक |
|---|---|---|
| 1 | हाईस्कूल | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X 10/100 |
| 2 | इण्टरमीडिएट | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X 10/100 |
| 3 | स्नातक उपाधि | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X 20/100 |
| 4 | परास्नातक उपाधि | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X 20/100 |
| 5 | **प्रशिक्षण** | सैद्धान्तिक एवं प्रयोगात्मक परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X 30/100 |

7– चपरासी, चौकीदार एवं सहायक रसोईया पद पर चयन साक्षात्कार के आधार पर किया जायेगा।

8– शैक्षिक स्टाफ यथा प्राधानाचार्य, पी0जी0टी0 शिक्षिका, कम्प्यूटर शिक्षिका, केयर टेकर, लैब असिस्टेन्ट, कार्यालय अधीक्षक/लिपिक पद पर चयन मेरिट के आधार पर किया जायेगा।

9– सर्वोच्च गुणांकधारी अर्ह अभ्यर्थी को काउन्सिलिंग हेतु बुलाया जायेगा। परास्नातक, स्नातक स्तर के समस्त वर्षो के अंक पत्रों/प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना होगा। काउन्सिलिंग/साक्षात्कार हेतु कोई मार्ग/यात्रा व्यय देय नही होगा।

10– अभ्यर्थी को समस्त मूल अंक पत्र/प्रमाणपत्र काउन्सिलिंग के समय समिति के समक्ष प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

11– यदि चयनित अभ्यर्थी की सेवाएं अनुपयुक्त पायी जाती है तो उन्हे 01 माह का नोटिस देकर सेवाओं को समाप्त कर दिया जायेगा। गंभीर परिस्थितियों/वित्तीय अनियमित्ता/गभीर अनुशासनहीनता की स्थिति उत्पन्न होती है तो जिला बेसिक षिक्षा अधिकारी द्वारा प्रस्तुत पुष्ट प्रमाणों के आधार पर जिलाधिकारी के अनुमोदन के उपरान्त संविदा समाप्त करते हुये सम्बन्धित के विरूद्ध प्राथमिक सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी जायेगी।

12– केयर टेकर, चपरासी, चौकीदार तथा सहायक रसोईया का पद पूर्णकालिक होगा इन्हे विद्यालय में रात्रि में निवास करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में उनका चयन समाप्त कर दिया जायेगा।

पूर्णकालिक स्टाफ को अपने साथ परिवार के किसी भी सदस्य को विद्यालय परिसर में रखने की अनुमति नही है।

13— कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में रिक्त समस्त प्रकार के पदों पर महिला अभ्यर्थियों का ही चयन किया जायेगा।

14— आवश्यकता अनुसार रिक्तियों की संख्या घट/बढ सकती है। चयन सेवा अनुबंध के आधार पर एक शैक्षिक सत्र (अधिकतम 11 माह 29 दिन) हेतु होगा तथा कार्य संतोषजनक पाये जाने पर आगामी सत्र के लिए सेवा अनुबंध किया जायेगा।

15— उपरोक्त रिक्तियों हेतु प्रकाशित विज्ञप्ति एवं आवेदन पत्र के प्रारूप/दिशा निर्देशों को जनपद वाराणसी की NIC Website **https://varanasi.nic.in/** पर देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

16— लिफाफे के उपर मोटे अक्षरों में उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में किस पद/विषय/जाति वर्ग के लिए आवेदन किया जा रहा है स्पष्ट रूप से अंकित करें।

17— अभ्यर्थी द्वारा 01 से अधिक पदों हेतु आवेदन करने की स्थिति में प्रत्येक पद हेतु अलग अलग आवेदन करना होगा, जिस पर आवेदित पद का नाम विषय तथा आरक्षण वर्ग अंकित करना होगा।

18— आवेदन पत्र के साथ अपनी 02 स्वप्रमाणित फोटो, समस्त शैक्षिक अंक पत्र, प्रमाण पत्र, सामान्य निवास प्रमाण पत्र, सक्षम अधिकारी से निर्गत जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं अन्य समस्त शैक्षिक अंक पत्रों/प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छाया प्रतियां तथा अपना स्पष्ट नाम एवं पता लिखे हुए दो लिफाफे जिसपर 42 रूपयें का डाक टिकट लगा हो संलग्न करें।

19— आवेदन पत्र केवल पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से निर्धारित अंतिम तिथि 18—06—2026 को सायं 05 बजे तक स्वीकार कियें जायेगे। निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नही किये जायेगे।

20— अपूर्ण, अस्पष्ट, बिना संलग्नकों वाले, बिना हस्ताक्षर वाले, प्रारूप से भिन्न, अधूरे संलग्नकों वाले आवेदन पत्रों को निरस्त कर दिया जायेगा। प्राप्त आवेदन पत्रों पर चयन समिति का निर्णय ही मान्य होगा।

21— विज्ञप्ति में किसी भी प्रकार के बदलाव, सुधार एवं किसी भी समय निरस्त करने का अधिकार जनपदीय चयन समिति को होगा। जिस हेतु कोई भी वाद मान्य नही होगा।

22— चौकीदार/चपरासी/सहायक रसोईयां के पद पर आवेदन करने वाले अभ्यर्थिनी शारीरिक अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रसित नही होने चाहिए।

(अनुराग श्रीवास्तव)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
वाराणसी।

## कार्यालय—जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, वाराणसी।

पृ0सं0/क0गा0बा0वि0/4341-46 /2026—27 दिनांक: 01-06-2026

प्रतिलिपि—

1— महानिदेशक स्कूल शिक्षा उ0प्र0 लखनऊ।

2— जिलाधिकारी, वाराणसी।

3— मुख्य विकास अधिकारी, वाराणसी।

4— प्रचार्य, जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान, वाराणसी।

5— जिला विज्ञान सूचना अधिकारी वाराणसी।

6— प्रधान सम्पादक दैनिक समाचार पत्र "हिन्दुस्तान" एवं "अमर उजाला" वाराणसी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को अपने सम्मानित समाचार पत्र के आगामी अंक में शासकीय दर पर सशुल्क प्रदेश संसकरण में प्रकाशित कराने का कष्ट करें एवं समाचार पत्र की प्रति एवं जिला सूचना अधिकारी से प्रमाणित बिल की प्रति अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को उपलब्ध करायें, जिससे भुगतान की कार्यवाही की जा सके।

(अनुराग श्रीवास्तव)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
वाराणसी।

## उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में संविदा के पदों पर चयन हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

विज्ञापन संख्या– ........................................................................

फोटो

1. जनपद का नाम ........................................................................
2. आवेदित पद का नाम........................................................................
3. विषय (केवल प्रधानाचार्य एवं पी०जी०टी० शिक्षकों हेतु)........................................
4. अभ्यर्थिनी का नाम (हिन्दी में)........................................................................
6. (अंग्रेजी के कैपिटल अक्षरों में)........................................................................
7. पिता/पति का नाम (हिन्दी में)........................................................................
8. अंग्रेजी के कैपिटल अक्षरों में ........................................................................
9. जन्मतिथि (हाईस्कूल/आठवीं के प्रमाण पत्र के अनुसार)–
   (क)–अंकों में........................................................................
   (ख)–शब्दों में........................................................................
10. 01 अप्रैल 2026 को आयु–......................दिन..............................माह..............................वर्ष
11. गृह जनपद का नाम पता (थाना एवं पिन कोड सहित)........................................................
12. पत्र व्यवहार का पता (थाना एवं पिन कोड सहित)........................................................
13. दूरभाष/मोबाईल नम्बर........................................................................
14. ई–मेल यदि हो. ........................................................................
15. आरक्षण श्रेणी (ई०डब्ल्यू०एस०, अनु०जाति, अनु० जनजाति, अन्य पिछड़ी जाति)..........................
    (अवश्य भरा जाये तथा अद्यतन जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें)
16. अभ्यार्थिनी की शैक्षिक योग्यता/प्रशिक्षण योग्यता का विवरण–

| परीक्षा | संस्था/कालेज का नाम (जनपद सहित) | बोर्ड/विश्व विद्यालय का नाम | विषय | उतीर्ण वर्ष | अनुक्रमांक | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कक्षा 8 | | | | | | | | |
| हाईस्कूल | | | | | | | | |
| इंटरमीडिएट | | | | | | | | |
| स्नातक | | | | | | | | |
| बी०एड०/एल०टी० | | | | | | | | |
| परास्नातक | | | | | | | | |
| कम्प्यूटर (डिग्री/डिप्लोमा) | | | | | | | | |
| अन्य योग्यताएँ | | | | | | | | |

**(समस्त अंकपत्र/प्रमाणपत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें)**

संलग्नको का विवरण–

1............................................................ 2............................................................
3............................................................ 4............................................................
5............................................................ 6............................................................
7............................................................ 8............................................................
9............................................................ 10............................................................

### घोषणा

मै..............................................................................पुत्री/पत्नी......................................................................शपथपूर्वक अभिकथन करती हूँ कि आवेदन पत्र में भरा गया उपरोक्त विवरण सत्य हैं एवं मेरे द्वारा किसी तरह का तथ्य गोपन नहीं किया गया हैं। आवेदन पत्र प्रेषित करने के पूर्व समस्त अंकित विवरण का मेरे द्वारा परीक्षण कर लिया गया है। चयन के पूर्व अथवा बाद में जॉचोपरान्त कोई भी विवरण असत्य/गलत/कूटरचित पाये जाने पर सम्बन्धित संस्थान/प्राधिकारी को मेरा सेवा अनुबन्ध समाप्त करते हुए प्राथमिक दर्ज कराने व भुगतानित मानेदय की वसूली करने का पूर्ण अधिकार होगा। आवेदन पत्र में अंकित सूचनाओं से सम्बन्धित मूल प्रमाण पत्र/अंक पत्र आवेदन करने की तिथि के पूर्व से मेरे पास उपलब्ध है।

दिनांक.............................

हस्ताक्षर

अभ्यर्थिनी का पूरा नाम..

पूर्ण पता..